गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय
ग्रेटर नोएडा, गौतम बुद्ध नगर

जी.बी.यू.–012/डी.एस.ए/2022–457 दिनांकः– 07–09–2022

:: नवप्रवेशित छात्राओं हेतु अति महत्वपूर्ण सूचना::

सक्षम स्तर से दिनांक– 06/09/2022 को प्राप्त अनुमोदन के क्रम में नवप्रवेशित छात्राओं को सूचित किया जाता है कि शैक्षणिक सत्र 2022–23 में नवप्रवेशित छात्राओं का छात्रावास आवंटन चरणबद्ध तरीके से किया जायेगा, जिसका विवरण निम्नवत हैः

क्र. सं0	विवरण	छात्राओं द्वारा अंकित तिथि तक जमा पूर्ण छात्रावास एवं मैस शुल्क	विश्वविद्यालय वेबसाइट पर छात्रावास कक्ष आवंटन सूची जारी होने की तिथि
1	प्रथम चरण	31–08–2022	10–09–2022
2	द्वितीय चरण	10–09–2022	13–09–2022
3	तृतीय चरण	25–09–2022	27–09–2022

1. प्रथम चरण में केवल **B.Tech., B.Des., Intergrated B.Tech+M.Tech., B.Arch., M.Tech., MURP, M.Arch.** एवं **Ph.D.** पाठ्यक्रमों की नवप्रवेशित छात्राओं (Female Students) को छात्रावास कक्ष आवंटित किया जायेगा। यह आवंटन उन्हीं छात्राओं को किया जायेगा जिनका पूर्ण छात्रावास एवं मैस शुल्क **दिनांक– 31/08/2022 तक जमा किया गया है।**
2. द्वितीय चरण में समस्त अनिवार्य पाठ्यक्रमों एवं इसके अतिरिक्त अन्य ऐच्छिक पाठ्यक्रमों की समस्त नवप्रवेशित छात्राओं (Female Students) को छात्रावास कक्ष आवंटित किया जायेगा। यह आवंटन उन्हीं छात्राओं को किया जायेगा जिनका पूर्ण छात्रावास एवं मैस शुल्क **दिनांक– 10/09/2022 तक जमा होगा।**
3. तृतीय चरण में समस्त अनिवार्य पाठ्यक्रमों की नवप्रवेशित छात्राओं को छात्रावास आवंटित किया जायेगा। ऐच्छिक पाठ्यक्रमों की छात्राओं को छात्रावास केवल उपलब्धता के आधार पर आवंटित किया जायेगा। यह आवंटन उन्हीं छात्राओं को किया जायेगा जिनका पूर्ण छात्रावास एवं मैस शुल्क **दिनांक– 25/09/2022 तक जमा होगा।**
4. ऐच्छिक श्रेणी की वह छात्राऐं जो छात्रावास में निवास करने की इच्छुक नहीं है परन्तु उनके द्वारा पूर्व में छात्रावास एवं मैस शुल्क जमा किया जा चुका है ऐसी छात्राओं का छात्रावास एवं मैस शुल्क वित्त विभाग द्वारा वापिस अथवा समायोजित किया जायेगा।
5. सत्र 2022–23 की नवप्रवेशित ऐसी छात्राऐं जिन्हें अनुपलब्धता के कारण छात्रावास आवंटित नहीं हो सकेगा, उनके लिए छात्रावास एवं मैस शुल्क देय नहीं होगा। छात्रावास की अनुपलब्धता मुख्य छात्रावास अभिरक्षक (महिला) द्वारा प्रमाणित की जायेगी।

(डा0 के.के. द्विवेदी)
उप–कुलसचिव

प्रतिलिपिः–

- माननीय कुलपति महोदय, के स्टाफ को महोदय के संज्ञान में लाने हेतु।
- अधिष्ठाता शैक्षणिक को सूचनार्थ।
- कुलसचिव को सूचनार्थ।
- समस्त अधिष्ठातागणों एवं प्रभारी अधिष्ठाताओं को, सूचनार्थ एवं सूचनापट्ट पर चस्पा कराये जाने हेतु।
- वित्त अधिकारी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
- अध्यक्ष, प्रवेश विभाग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
- मुख्य छात्रावास अभिरक्षक पुरुष/महिला को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
- सिस्टम मैनेजर को (समस्त प्रशासनिक अधिकारियों/कर्मचारियों, शिक्षक, शिक्षणेत्तर एवं छात्र/छात्राओं इत्यादि को ई–मेल भेजने एवं वेबसाइट पर अपलोड हेतु) प्रेषित।
- सम्बन्धित पत्रावली हेतु।

KKDwedi
उप–कुलसचिव
8/9/2022